Title: Need to check recurrent floods in Banka district of Bihar and ensure adequate relief measures to the affected people. − Laid.

श्री सुशील कुमार मोदी (भागलपुर) : महोदय, 21 जून, 2004 को बिहार के बांका जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर डैम में अचानक 14 फीट पानी बढ़ जाने से आयी बाढ़ के कारण सात लोग डूब कर मर गए तथा हजारों एकड़ भूमि में लगी फसल बर्बाद हो गयी। इस बाढ़ से भागलपुर एवं बांका जिले के किसानों को भारी क्षति उठानी पड़ी। 1972 में चानन नदी पर पूरी की गयी इस डैम में लोहे का फाटक नहीं लगाया गया एवं "" स्लीप वे"" पद्धति से अतिरिक्त पानी बहाने की व्यवस्था की गई। भारी र्वाा की स्थिति में यहां भयानक बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। 1995 के बाढ़ से अभी तक 5 बार भागलपुर को भीाण बाढ़ का सामना करना पड़ा है। लक्ष्मीपुर डैम पर बिजली, जनरेटर, मोबाईल फोन, वायरलेस की कोई व्यवस्था नहीं है। ताकि रात्रि के समय अचानक पानी बढ़ने पर कोई तात्कालिक उपाय किया जा सके। अतः यह आवश्यक है कि लक्ष्मीपुर डैम की ऊँचाई बढ़ाई जाये। डैम में लोहे का फाटक लगाया जाये ताकि आवश्यकतानुसार जल प्रवाहित हो। बाढ़ में टूटे चानन नदी एवं अन्य तटबंधों, सड़कों एवं मकानों की मरम्मत करायी जाये। बर्बाद हुए फसल, मारे गए लोगों के लिए मुआवजा दिया जाये। राहत कार्य चलाये जायें तथा लक्ष्मीपुर डैम पर बिजली एवं संचार सुविधाओं की व्यवस्था की जाये।